17-07-2023

Navodaya Times

मोर के बच्चे को जिंदगी दी PCR ने

नई दिल्ली,16 जुलाई (नवोदय टाइम्स): दिल्ली पुलिस को ऐसे ही दिल की पुलिस नहीं कहा जाता है। लोगों की नहीं वो जानवरों व पक्षियों की भी जिंदगियों को बचाया करती है। आज भी दिल्ली पुलिस पक्षियों जीव जंतुओं की जान की रक्षा के लिए मनोयोग से लगी हुई है। दिल्ली की यमुना में आई बाढ़ के दौरान पुलिस द्वारा जीव जंतुओं के जीवन बचाने की बहुत से तस्वीरों को पब्लिक ने देखा और सराहया भी है। इसी कदम में अब दिल्ली पुलिस की पीसीआर पर तैनात पुलिस वालों ने एक मोर के बच्चे की जिंदगी को बचाया है।



पुलिस उपायुक्त आनंद मिश्रा ने बताया कि बीते शनिवार शाम पांच बजकर दो मिनट पर पीसीआर वैन जेब्रा-34 को कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि हमको एक मोर (मोर) का बच्चा मिला है मदद चाहिए। पीसीआर पर तैनात सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ड्यूटी करने वाले जेबरा-34 पर हेड कांस्टेबल सचिन और हेड कांस्टेबल (डीवीआर) परवीन ने तुरंत कॉल पर गंभीरता से लिया।

कॉल मिलने पर एमपीवी जेड-34 का स्टाफ मौके पर पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात कॉलर सुरेंद्र कुमार(42) से हुई। कॉलर ने एक मोर के बच्चे को बुरी तरह से घायल हालत में एमपीवी स्टाफ को सौंप दिया। एमपीवी स्टाफ ने सबसे पहले एनिमल एम्बुलेंस को फोन किया, जो दुर्भाग्य से मौके पर नहीं पहुंची। इसलिए, चोटों की गंभीरता को समझते हुए, एमपीवी स्टाफ ने समय बर्बाद नहीं किया और सीधे मोर के बच्चे को हरियाणा के गुरुग्राम में पक्षी चैरिटी अस्पताल ले गए।